# वार्षिक परीक्षा 2023
## विषय – हिन्दी

समय – 2.30 घंटा | कक्षा – 7 | पूर्णांक – 80

*नोट–सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।*

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 8

हम खान पान से भी एक दूसरे को जानते हैं। इस दृष्टि से देखें तो खान–पान की नयी संस्कृति में हमें राष्ट्रीय एकता के लिए नएं बीज भी मिल सकते हैं। बीज भली–भाँति तभी अंकुरित होगें जब हम खान–पान से जुड़ी हुई दूसरी चीजों कीं ओर भी ध्यान देंगे। <u>मसलन</u> हम उस बोली बानी, भाषा–भूषा आदि को भी किसी न किसी रूप में <u>ज्यादा</u> जानेंगे, जो किसी खान–पान विशेष से जुड़ी है।

(क) हम एक दूसरे को कैसे जान सकते हैं ?

(ख) राष्ट्रीय एकता के लिए हमें नए बीज कैसे मिल सकते हैं ?

(ग) खान–पान से जुड़ी अन्य किन चीजों से हम संस्कृति को जानते हैं ?

(घ) गद्यांश में रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8

(क) दादी की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गयी थी?

(ख) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?

(ग) रोहिणी की मुरली वाले के स्वर से खिलौने का स्मरण क्यों हो आया ?

(घ) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

3. नीचे दी गयी कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए– 6

साथी................बढ़ाना।

एक अकेला...............जाएगा।

................बोझ उठाना।

हम................वालों ने जब भी।

मिलकर................बढ़ाया।

सागर ने................छोड़ा।

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 4

कोमल, पाप, ठण्डा, उचित

(ख) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए– 4

ईश्वर, पुष्प, आँख, धर



https://www.ukboardonline.com

(ग) **निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलिए–** 2

बकरी, लेखिका, शिक्षक, कुर्सी

**5.** **नीचे लिखे वाक्यांशों का एक शब्द से मिलान कीजिए–** 5

| | |
|---|---|
| (क) सप्ताह में होने वाला | निडर |
| (ख) जिसे किसी का डर न हो | साप्ताहिक |
| (ग) ईश्वर को न मानने वाला | परोपकारी |
| (घ) अधिक बोलने वाला | नास्तिक |
| (ङ) जो दूसरों पर उपकार करता हो | वाचाल |

**6.** संज्ञा और सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 6

**7.** (क) **निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए–** 4

ज्वर, स्वच्छ, कतार, रक्त

(ख) **निम्न शब्दों के दो–दो वाक्य बनाए–** 4

(अ) आकाश (ब) घोंसला

**8.** (क) **निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए–** 6

(अ) फूले न समाना। (ब) नौ दो ग्यारह होना। (स) मुँह में पानी आना।

(ख) **निम्न वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए–** 4

(अ) लड़के पढ़ाई कर रही है। (ब) गाय घास खाता है।

(स) रेनू काम करता है। (द) दूध में कुछ गिरी है।

**9.** **नीचे लिखे गए विशेषण और विशेष्य (संज्ञा) का मिलान कीजिए–** 5

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| संभ्रांत | वर्षा |
| समतल | महिला |
| मूसलाधार | आँगन |
| चंचल | जंगल |
| घना | नदियाँ |

**10.** अपने प्रधानाध्यापक अथवा प्रधानाचार्य को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए। 6

**11.** **निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखिए–** 8

(क) मेरा सबसे अच्छा मित्र (ख) मेरा मनपसंद खेल (ग) गणतन्त्र दिवस

◆ ◆ ◆ ◆ ◆ ◆



https://www.ukboardonline.com